मेरे बाबा ने बुलाया है

चलो बुलावा आया है, मेरे बाबा ने बुलाया है,
राम सरोवर पाल पर बाबा, ने दरबार लगाया है॥

बाबा रामदेव के मंदिर में लोग मुरादे पाते हैं,
रोते रोते आते हैं और हंसते हंसते जाते हैं,
मैं भी मांग के देखूं जिसने जो मांगा वो पाया है,
चलो बुलावा आया है.....

सारे जग में एक ठिकाना सारे गम के मारो का,
रस्ता देख रहा है बाबा अपने प्यारे भक्तों का,
मस्त हवाओं का झोंका यह संदेशा लाया है,
चलो बुलावा आया है.....

कोढिया रो कोढ मिटावे काया कंचन होवे,
निर्धनिया ने माया देवे दुखियों के दुख मिटा दे,
पैदल पैदल आवे झात्री बाबा पार लगाया है,
चलो बुलावा आया है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23604/title/mere-baba-ne-bulaya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |